बुधवार

12 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




परिवारवादी वाली पार्टी न गरीबों का, न समाज का विकास कर सकती है: राय

2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## शिक्षक बहाली की नई नियमावली का पूरे राज्य में विरोध, बताया काला कानून

- शिक्षक अभ्यर्थी बोले- नीतीश सरकार ने फंसाने वाला काम किया है
- सरकार ने वादाखिलाफी की है, बार बार हम लोग क्यों परीक्षा दें? नई नियमावली को सरकार वापस ले

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शिक्षक बहाली को लेकर बनी नई नियमावली का शिक्षक अभ्यर्थियों ने विरोध किया है। मंगलवार को नई नियमावली के खिलाफ पूरे राज्य में शिक्षक अभ्यर्थियों ने अपनी नाराजगी दिखाई। राज्य के विभिन्न शहरों में प्रदर्शन करते हुए इस नियमावली को वापस लेने की मांग की। राजधानी पटना में विरोध जताने के लिए भारी संख्या में एसटीईटी पास शिक्षक अभ्यर्थियों ने आरजेडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसको देखते हुए आरजेडी दफ्तर के आगे सुरक्षा बढ़ानी पड़ी। भारी संख्या में पुलिस बल को बुलाया गया। इस दौरान शिक्षक अभ्यर्थियों ने तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी की। कई शिक्षक अभ्यर्थियों ने कहा कि नियुक्ति की जो नई नियमावली पर बिहार कैबिनेट से मंजूरी दी गई है यह काला कानून है। बहाली को फंसाने वाला काम किया गया है। हम लोगों को ठगने का काम किया गया है। सरकार ने वादाखिलाफी की है। बार बार हम लोग क्यों परीक्षा दें? नई नियमावली को सरकार वापस ले। 2019 में हम लोगों ने क्वालीफाई किया था। चार साल से नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। नियुक्ति हो गई होती तो हम लोग स्कूलों में पढ़ा रहे होते।

**बड़ी संख्या में शिक्षक अभ्यर्थियों ने पटना में राजद कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन | एसटीईटी पास अभ्यर्थी बोले- विरोध में 12 को पूरे पटना में पुरजोर प्रदर्शन किया जायेगा**




### शिक्षक अभ्यर्थियों को फिर ठगा जा रहा है : सुशील मोदी

बिहार सरकार की ओर से शिक्षक नियुक्ति नियमावली को मंजूरी मिलते ही विपक्ष ने सरकार पर हमला शुरू कर दिया है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि शिक्षक अभ्यर्थियों को फिर एक बार ठगा जा रहा है। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि सरकार की नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली के मुताबिक 2019 में टीईटी और एसटीईटी पास कर चुके शिक्षक अभ्यर्थियों को एक और परीक्षा देनी पड़ेगी। इसके अलावा नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी बनने के लिए भी पुनः परीक्षा देनी पड़ेगी। अब हर विद्यालय में पुराने वेतनमान, नियोजित शिक्षक और नई नियमावली के तहत बहाल सरकारी शिक्षक यानी कुल 3 प्रकार के शिक्षक होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इतना भद्दा मजाक शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ कृपया मत करें।

**तेजस्वी यादव पर भी हमला:** प्रदर्शन के दौरान कहा कि डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने वादा किया था कि महागठबंधन सरकार बनते ही पहली कैबिनेट मीटिंग में शिक्षक अभ्यर्थियों की बहाली का निर्णय होगा। नौ महीने बाद महागठबंधन सरकार ने शिक्षक नियुक्ति की नई नियमावली पर मुहर लगाई लेकिन यह काला कानून जैसा है। बता दें शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 के तहत शिक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी के माध्यम से होगी। सीटीईटी, एसटीईटी और टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी परीक्षा में अधिकतम तीन बार बैठ सकेंगे। बहाल शिक्षक सरकारी कर्मी कहलाएंगे। शिक्षक अभ्यर्थी इसका विरोध कर रहे हैं। शिक्षक अभ्यर्थी अभिषेक झा ने कहा, क्या हमलोग जिंदगी भर परीक्षा ही देते रहें? उन्होंने नई नियमवाली को काला फरमान बताया और कहा कि नई नियमावली नौकरी नहीं देने वाली नियमावली है। इसके विरोध में कल पूरे पटना में पुरजोर प्रदर्शन किया जायेगा।

## विपक्षी एकता को मजबूत करने दिल्ली गए सीएम नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/पटना**



विपक्षी दलों की एकता को मजबूत करने के लिए मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार दिवसीय दौर पर दिल्ली गये। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे वह पटना एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ जदयू अध्यक्ष ललन सिंह भी दिल्ली गये हैं। नीतीश कुमार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान कई नेताओं से मुलाकात करेंगे। सूत्रों की माने तो इस यात्रा के दौरान उनकी यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात होगी। इस प्रवास के दौरान वह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि अगले तीन दिनों तक वे विपक्ष के कई नेताओं से मिलेंगे। नीतीश कुमार का यह दौरा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर है। विपक्षी एकता को मजबूत बनाना ही उद्देश्य है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान पिछले दिनों कहा था कि वे बजट सत्र के बाद एक बार फिर दिल्ली जाएंगे। बजट सत्र के समापन, जनता दरबार, कोरोना पर उच्चस्तरीय बैठक और कैबिनेट की बैठक में नयी शिक्षक नियुक्ति नियमावली पर मुहर लगाने के बाद नीतीश कुमार दिल्ली रवाना हुए।

**मचा हड़कंप: महाबोधि मंदिर से करीब 500 मीटर की दूरी पर हुई घटना**

# बोधगया में गैस सिलेंडर फटने से 100 से अधिक दुकानें जलीं

- सब्जी मंडी के पास कचरे के ढेर में लगी आग ने देखते ही देखते दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया
- एक-एक कर करीब 5-6 सिलेंडर में ब्लास्ट से इलाके में मच गई थी अफरा-तफरी
- करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया जा सका काबू

**केटी न्यूज/गया**



बोधगया स्थित सब्जी मंडी में मंगलवार की दोपहर अचानक सिलेंडर ब्लास्ट से हड़कंप मच गया। एक-एक कर पांच से छह सिलेंडर फटने के बाद अफरातफरी मच गई। इस घटना में फल और सब्जी की 100 से अधिक दुकानें जल गईं। स्थानीय दुकानदार कुछ समझ पाते कि देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकानों में गैस सिलेंडर रखे गए थे जो ब्लास्ट कर गया। घटना महाबोधि मंदिर से करीब 500 मीटर की दूरी की है। बताया जा रहा है बोधगया नगर पर्षद के सफाई कर्मी करीब सात दिनों से हड़ताल पर हैं। जहां-तहां कूड़ा और कचरे का अंबार लगा है। सब्जी मंडी के पास भी कचरे का अंबार लगा हुआ है। इसमें पहले आग लगी जिसे स्थानीय दुकानदारों ने बुझाने का प्रयास किया था। हालांकि देखते-देखते आग की लपटों ने सब्जी मंडी को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद सिलेंडर ब्लास्ट होने लगे। बम फटने की तरह आवाज से लोग डर गए।

आग लगने की सूचना पर बोधगया में तैनात फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दो वाहन से पहुंची टीम ने आग को बुझाने का प्रयास किया। बता दें कि बोधगया पर्यटक स्थल है इसके बावजूद अगलगी की घटना से निपटने के लिए पर्याप्त कोई व्यवस्था नहीं है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने गया फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी। इसके बाद गया से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। करीब पांच घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मौके पर मौजूद स्थानीय दुकानदार इम्तियाज ने बताया कि सब्जी मंडी के पास में फास्ट फूड की कई दुकानें लगती हैं। इसके अंदर रखे गैस सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुआ है। अगलगी की घटना में अब तक सात बम जैसे धमाके की आवाज आई है। बोधगया थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है।



**मुआवजा के लिए तैयार की जाएगी सूची:** इस संबंध में बोधगया डीएसपी अजय प्रसाद ने कहा कि आग लगने की वजह लापरवाही रही है। लिहाजा पहले एफआईआर होगी, उसके बाद दुकानदारों की सूची तैयार की जाएगी। इसका सर्वेक्षण करवाया जाएगा। उसके बाद पीड़ितों की सूची तैयार की जाएगी। फिर उन्हें प्रशासन की ओर से जो प्रावधान है, उसके तहत मुआवजा दिया जाएगा।

## बेलगाम ट्रक ने पुलिस जीप को कुचला, जमादार की मौत, चार सिपाही घायल

**भागलपुर।** सोमवार की देर रात सीतामढ़ी जेल से कुख्यात कैदी मुकेश पाठक को भागलपुर सेंट्रल जेल में छोड़कर लौट रही पुलिस की जीप को बेलगाम ट्रक ने रौंद दिया। जहां सीतामढ़ी पुलिस के जमादार की मौत हो गई वहीं चार अन्य सिपाही जख्मी हो गए। घटना भागलपुर के नवगछिया स्थित परबत्ता थाना के टेक्नो मिशन स्कूल के पास विक्रमशिला सेतु पहुंच पथ पर हुई। घायल जवानों का इलाज जेएलएनएमसीएच भागलपुर में चल रहा है।

दुर्घटना में मरने वाले जमादार की पहचान हो गई है। उसका नाम जमादार सतीश सिंह था। सतीश सिंह सीतामढ़ी जिले में पदस्थापित थे। जख्मी जवान भी सीतामढ़ी जिला बल के ही हैं। दरअसल, कुख्यात अपराधी मुकेश पाठक को सीतामढ़ी से भागलपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया है। सभी पुलिस वाले मुकेश पाठक को भागलपुर स्थित सेंट्रल जेल में पहुंचाने के बाद लौट रहे थे कि रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। जख्मी जवानों में सीतामढ़ी पुलिस बल के जवान चंदन पासवान, जयराम तिवारी, बादल राज और होमगार्ड जवान सह चालक विजय कुमार सिंह शामिल हैं। घायल जवान चंदन पासवान भागलपुर जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दुर्घटना की जानकारी सीतामढ़ी पुलिस को दी है। दुर्घटना के बाद मायागंज अस्पताल में पुलिसकर्मियों की भीड़ जमा हो गयी थी।

## अडानी को बचाने में लगी है पूरी सरकार : प्रियंका गांधी

**एजेंसी/वायनाड**

सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी मंगलवार को वायनाड पहुंचे। पूर्व सांसद ने वायनाड में रोड शो किया। इस दौरान उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। रोड शो के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार एक व्यक्ति (अडानी) को बचाने में लगी है। सरकार विरोध की आवाज को दबाना चाहती है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मैं 2019 में पहली बार वायनाड आई थी जहां मैंने आप लोगों को अपने भाई के बारे में कई बातें बताईं थी। जो आप लोगों को पता होनी चाहिए। राहुल सच बोलने से नहीं डरते हैं। राहुल गांधी को एक ऐसा सवाल पूछने के लिए अयोग्य ठहराया गया था जिसका वे (बीजेपी) जवाब नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार गौतम अडानी का बचाव करने की कोशिश कर रही है। पीएम अडानी का बचाव कर रहे हैं। पीएम हर दिन अपने ड्रेसिंग स्टाइल में बदलाव कर रहे हैं, लेकिन आम लोगों की जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं आया है।

## बिहार में 20 अप्रैल से 31 मई तक होगी गेंहू की खरीददारी

**पटना।** बिहार में 20 अप्रैल से गेहूं की खरीददारी शुरू होने जा रही है। इसकी सूचना राज्य सरकार के खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि, राज्य में 20 अप्रैल से 31 मई तक गेंहू की खरीददारी की जाएगी। लेसी सिंह ने कहा कि, जिस तरह से धान की खरीद सरकार समर्थन मूल्य पर करती है। उसी तरह 20 अप्रैल से 31 मई तक गेहूं की खरीद सरकार करेगी। राज्य सरकार ने 10 लाख मेट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपया प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।






**केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नवनिर्मित राजमार्गों के उद्घाटन की बताई तारीख**

# 2024 में तैयार हो जाएगा कश्मीर से कन्याकुमारी तक का राजमार्ग

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक, भारत के सुदूर उत्तर और सुदूर दक्षिण में, नवनिर्मित राजमार्गों के उद्घाटन की तारीख बता दी है। नितिन गडकरी ने कहा कि आने वाले साल की शुरूआत में नई सड़क तैयार हो जाएगी। दरअसल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने के लिए नए राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के निर्माण कर रहा है। इन राजमार्गों में कश्मीर और कन्याकुमारी को जोड़ने वाला नया राजमार्ग सबसे लंबा राजमार्ग होगा। परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने राजमार्गों के बारे में बात करते हुए कहा कि- 'कश्मीर से कन्याकुमारी सड़क हमारे लिए एक सपना था और यह सपना 2024 की शुरूआत तक सच हो जाएगा। अब रोहतांग से लद्दाख तक चार सुरंगें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि एक नई सड़क के निर्माण से दिल्ली और चेन्नई के बीच की दूरी करीब 1 हजार 312 किलोमीटर तक कम हो जाएगी।




### 35000 करोड़ की लागत से 3 कॉरीडोर का निर्माण

ऑल वेदर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बन रहे जम्मू से उधमपुर-रामबन-बनिहाल से श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (ठल्-44) के श्रीनगर-बनिहाल खंड का दौरा करने पहुंचे नितिन गडकरी ने ट्वीट करते हुए कहा कि- जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा को सुगम बनाने के लिए 35,000 करोड़ रुपये की लागत से 3 कॉरीडोर बनाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत जम्मू से उधमपुर-रामबन-बनिहाल से आगे श्रीनगर तक के पहले कॉरीडोर में श्रीनगर से बनिहाल खंड का समावेश होता है। 16,000 करोड़ रुपये की लागत से 250 किमी लंबाई का यह 4-लेन मार्ग बनाया जा रहा है. इसमें से 210 किमी मार्ग का 4-लेन पूरा हुआ है, जिसमें 21.5 किमी की 10 टनल भी शामिल हैं।

**13 किमी लंबी जोजिला सुरंग का निर्माण :** परिवहन मंत्री ने बताया कि 13 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग बनाई जा रही है। इस सुरंग का निर्माण समुद्र तल से 11,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर किया जा रहा है जो कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ने का काम करेगा. इस सुरंग से लद्दाख जैसे देश के दूरदराज के हिस्सों तक पहुंचने में आसानी होगी और जोजिला दर्रे पर निर्भरता को कम करेगी। इसकी एक खासियत यह भी रहेगी कि एक बारहमासी सड़क होगी जो भारी बर्फबारी में दुर्गम रहती है।

## गया में भी होगा वंदे भारत एक्स का ठहराव

**गया।** जिलेवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। गया से रांची का सफर बेहद आसान होगा। दरअसल, वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन पटना से झारखंड की राजधानी रांची के बीच शुरू होने जा रहा है। इस ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर करेंगे। ऐसी संभावना है कि रेल मंत्रालय 25 अप्रैल से राजधानी पटना और रांची के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी है। इसके चलने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी। अधिकारिक घोषणा के बाद यात्री इस ट्रेन से यात्रा का लुत्फ उठाने के लिए अपना रिजर्वेशन भी करा सकेंगे। इस ट्रेन का सात और स्टेशनों पर ठहराव होगा। पटना के अलावा जहानाबाद और गया जंक्शन में भी यह ट्रेन रुकेगी। इससे इन जिलों के लोगों को भी हाईस्पीड ट्रेन का फायदा मिलेगा।

# राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सीएचओ की भूमिका सबसे अहमः डॉ. शालिग्राम

**केटी न्यूज/बक्सर**

- नए मरीजों की खोज के साथ टीबी से ठीक हो चुके मरीजों का किया जा रहा फॉलोअप
- सरकार की मंशा एचडब्ल्यूसी पर मिलने वाली सुविधाओं को वृहद् करना है

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में टीबी के नए मरीजों को चिह्नित करते हुए उनकी जांच की जा रही है। साथ ही, रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उनका निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते हुए इलाज शुरू किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स, एसटीएस व एसटीएलस के साथ साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को भी लगाया गया है। 13 अप्रैल तक चलने वाले एसीएफ अभियान में सीएचओ के जुड़ने से इसे गति तो मिली ही है। साथ ही टीबी से ठीक होने वाले मरीजों का फॉलोअप भी हो रहा है। इस संबंध में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया एसीएफ के साथ साथ फॉलोअप अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमें नए मरीजों की खोज के साथ टीबी से ठीक हो चुके मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है। जिससे यह पता चल सके कि टीबी से उबर चुके मरीज या उनके परिजनों में कहीं टीबी के लक्षण नहीं है।


टीबी मरीज के परजिनों से जानकारी लेती सीएचओ

**टीबी उन्मूलन में सीएचओ की भूमिका सबसे अहम :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, सरकार व विभाग की ओर से जारी गाइड लाइन्स के अनुसार एसीएफ के तहत विशेष रुप से शहरी और ग्रामीण मलिन बस्ती, खदान क्षेत्र, प्लांट क्षेत्र, अनाथ आश्रम एवं वृद्ध आश्रम, हाई रिस्क क्षेत्र, जेल (महिला एवं पुरुष) गिट्टी खदान क्षेत्र, राईस मिल क्षेत्र आदि को चिह्नित करते हुए मरीजों की खोज की जा रही है। साथ ही, पंचायतों में आशा कार्यकताओं के स्तर से मरीजों की पहचान भी की जा रही है। इन सबके साथ सीएचओ को भी टीबी के नए मरीजों की खोज की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा एचडब्ल्यूसी स्तर पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को वृहद् करना है। जिसके लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सीएचओ की भूमिका तय की गई है। सीएचओ न केवल टीबी के मरीजों की पहचान कर उनकी जांच कराएंगे, बल्कि इलाज शुरू होने के साथ उनका नियमित फॉलोअप करते हुए उचित परामर्श भी देंगे। जिससे मरीजों में जागरूकता आएगी।

**पंजीकरण के साथ इलाज पर जोर :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, टीबी के एसीएफ अभियान के दौरान लोगों को टीबी के लक्षण पहचानने के साथ साथ उन्हें टीबी की जांच, इलाज आदि की भी जानकारी दी जा रही है। लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि अगर उनके यहां या आसपास टीबी के लक्षण वाले मरीज मिलेंगे, तो उनकी जांच कराई जाएगी। जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने की स्थिति में उनका नाम निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत कराएं। ताकि उन्हें बेहतर दवाएं निःशुल्क मिलें और उनका इलाज करने के साथ ही उन्हें निक्षय पोषण पोषण योजना के तहत 500 रुपए मासिक भत्ता दिलायी जा सके। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी का आना। खांसी के साथ बलगम और बलगम के साथ खून आना। वजन घटना। बुखार, सीने में दर्द, शाम के समय हल्का बुखार, रात में बेवजह पसीना आना। कम भूख लगने जैसी जैसी शिकायत है तो एक बार अपनी जांच जरुर करा लें। समय पर इलाज हो जाने से टीबी ठीक हो सकता है।

### सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत मनायी गई महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती

# परिवारवादी वाली पार्टी न गरीबों का, न समाज का और न ही देश का विकास कर सकती है: नित्यानंद

**केटी न्यूज/आरा**

भारतीय जनता पार्टी, भोजपुर द्वारा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फूले की 197 वीं जयंती मनायी गई। जयंती कार्यक्रम पर केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति रही। अन्य अतिथियों मे बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधानपरिषद सभापति अवधेश नारायण सिंह, शाहपुर के पूर्व विधायक मुनी देवी, काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज,महिला मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनामिका सिंह,प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाठक, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेम रंजन चतुर्वेदी, तरारी के पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा ज्योतिबा फूले के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के साथ किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक सूर्यभान सिंह और जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा अंगवस्त्र और फूलमाला के साथ किया गया।




- अतिपिछड़ा वर्ग से 200 लोगों को सदस्यता और अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ

**कार्यताओं और जनप्रतिनिधियों को दिलाई गई भाजपा की सदस्यता :** उक्त अवसर पर जिले भर से आए दूसरे अन्य दलों के 200 कार्यताओं और जनप्रतिनिधियों को पार्टी का अंगवस्त्र और फूल माला पहना कर भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले भारत के एक महान समाज सुधारक और विचारक थे। वे और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फूले दोनों जीवनपर्यंत शिक्षा के प्रचार-प्रसार संघर्ष के साथ बढ़कर काम किया। आज उनके कार्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आगे बढ रहा है। सभी जनकल्याणकारी योजनाएं गरीबों के लिए चल रही है। आजादी के 75 साल होने के बाद गरीबों के लिए सही मायने में काम करनेवाले देश को प्रधानमंत्री मिला है। प्रधानमंत्री जी ने न्याय के साथ सबका विकास करते है। सबका सम्मान करते है।

उन्होंने परिवारवादी पार्टियों पर बोलते हुए कहा कि जो पार्टी परिवारवादी है, वह न तो गरीबो का, न समाज का और न ही देश का विकास कर सकती है। प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर काम कर रहे है.देश की 130 करोड़ जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

**बक्सर की भूमी तपोभूमी और भोजपुर की धरती वीरभूमी :** जयंती सह सदस्यता समारोह के उपरांत विधानपरिषद गया स्नातक क्षेत्र से जीते हुए भाजपा के वरीष्ठ नेता, पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह का अभिनंदन समारोह किया गया। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने सभी कार्यकताओं का आभार ब्यक्त किया। उक्त अवसर पर निर्वाचित विधानपार्षद अवधेश नारायण सिंह ने कार्यकताओं को जीत के लिए आभार व्य क्त करते हुए कहा कि बक्सर की भूमी तपोभूमी और भोजपुर की धरती वीरभूमी है। ये दोनों जिला के कार्यकर्ता और समर्थकों ने दिखा दिया है कि ऐसे ही नहीं दोनों जिला महान है। आज वोटर बिकाऊ हो जा रहे है, लेकिन हमारे भोजपुर के शेरों ने उन सभी को नकारते हुए हमें छठी बार प्रतिनिधि बनाया।

### भाजपा सबका सम्मान करने वाली पार्टी

मुख्य अतिथि अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने दूसरे दलो से आए अतिपिछड़े समाज के कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए भाजपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज देश जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें प्रधानमंत्री जी नीचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को अगली पंक्ति में खड़ा कर रहे हैं। भाजपा सबका सम्मान करने वाली पार्टी है। भाजपा देश के लिए बहुत जरुरी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व भी जरुरी है। हम सभी कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर भारतीय संस्कृति को आगे बढाएं। हम ज्योतिबा फूले और उनकी पत्नी साबित्रीबाई फूले के बताए मार्ग पर आगे बढ़े। वहीं बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की राह पर है। उन सभी पुरखों को याद करते हुए उनके कदमों पर चलें। पार्टी के विचार को लोगों के बीच पहुंचाएं। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अतिपिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरेराम चंद्रवंशी ने किया।

## हथियार के बल पर अपराधियों ने एनएच-84 पर युवक की बाइक लूटी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-बक्सर फोरलेन पर शहर से नजदीक बामपाली के समीप सोमवार की शाम अपराधियों ने हथियार के बल पर एक युवक की बाइक लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी निकले। लूट की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की संख्या तीन से चार बतायी जा रही है। सभी एक ही अपाची बाइक पर सवार थे और वारदात को अंजाम देने के बाद दो बाइक से भाग निकले।

बताया जाता है की लूट की घटना बिहिया थाना क्षेत्र के पीपरा जगदीश गांव निवासी सुग्रीव कुमार के साथ हुई है। इधर, लूट की घटना के बाद गजराजगंज ओपी और मुफस्सिल थाने की पुलिस के बीच सीमा क्षेत्र को लेकर देर तक विवाद बना रहा। बाद में मुफस्सिल थाने की पुलिस आवेदन लेकर घटना की छानबीन में जुट गयी है। छानबीन में पता चला कि सुग्रीव कुमार सोमवार शाम करीब तीन बजे फोरलेन के रास्ते बाइक से अपनी बहन के घर मटुकुपुर गांव जा रहे थे। उस बीच बामपाली के समीप एक अपाची बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। उसके बाद हथियार का भय दिखा उसकी बाइक छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित मुफस्सिल थाना पहुंच और शिकायत दर्ज करायी। वहीं लूट की सूचना मिलने मुफस्सिल और गजराजगंज थानों की पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि घटनास्थल को लेकर शुरू में कुछ देर दोनों थानों के अफसरों के बीच विवाद हुआ। बाद में वरीय अफसरों के आदेश पर मुफस्सिल थाने की पुलिस घटना की छानबीन और लुटेरों की धरपकड़ में जुट गयी है।

## राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के लिए 3 मई तक करें आवेदन

**जहानाबाद।** बिहार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सत्र 2023-24 अंतर्गत पटना जिला के 7 प्रखंडों हेतु राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के लिये अहर्ता रखने वाले जिले के युवा अब 3 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी पामिर सिंह ने बताया कि संगठन मुख्यालय द्वारा प्राप्त अद्यतन निदेर्शानुसार उपरोक्त आवेदन तिथि बढ़ायी गयी है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि को 4 अप्रैल थी। जिसे अब फिर से 3 मई तक बढ़ाया गया है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वी उत्तीर्ण है, जबकि उम्र 1 अप्रैल 2023 को 18 वर्ष से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हेतु नियमित अध्ययनरत छात्र/छात्राएं आवेदन करने के पात्र नही होंगे। योजना का विस्तृत विवरण, आवेदन प्रोफॉर्मा एवं आवेदन करने हेतु विभाग के वेबसाइट पर भी सर्च कर सकते हैं या नेहरू युवा केन्द्र के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सतुआन के दिन राज्यपाल करेंगे श्री त्रिदंडी देव डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

**केटी न्यूज/आरा**

- अपने पूज्य गुरुदेव की स्मृति में जीयर स्वामी जी महाराज ने रखी थी आधारशिला

भारत वर्ष के महान संत पूज्य त्रिदंडी स्वामी जी के नाम से पड़ोसी जिले भोजपुर के शाहपुर में नया डिग्री कॉलेज बन कर तैयार हो गया है। 14 अप्रैल को सतुआन के दिन इसका उद्घाटन पूज्य जीयर स्वामी जी की मौजूदगी में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। इसकी आधिकारिक जानकारी भोजपुर जिले के डीएम को भी प्राप्त हो गई है। डीएम राजकुमार व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति शैलेन्द्र कुमार चौबे स्वयं ही मौके का जायजा लेने पहुंचे थे।

जहां सोमवार से ही पूज्य जीयर स्वामी जी का लक्ष्मीनारायण यज्ञ भी प्रारंभ हो गया है। 14 अप्रैल की दोपहर दो बजे डिग्री कॉलेज का उद्घाटन होगा। महामहिम राज्यपाल वहां दो घंटे रूकंगे। अगले दिन यज्ञ की पूणार्हुति भी होगी। पाठकों की जानकारी के लिए बात दें। यह कॉलेज शाहपुर अनुमंडल के गौतम नगर में बना है। जिसकी तस्वीर आप यहां खबर के साथ देख पा रहे हैं। इसके अलावा पूज्य त्रिदंडी स्वामी जी के नाम से दुसरा कॉलेज भी पीरो अनुमंडल के परमानपुर में बन रहा है।



बक्सर के रहने वाले महान संत त्रिदंडी स्वामी जी कहा करते थे। शिक्षा से बढ़कर कुछ नहीं। उन्होंने अपने जीवन काल में बक्सर तथा अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर के सटे आवासीय संस्कृत उच्च विद्यालय की स्थापना की थी। अपने गुरु के सपने को साकार रूप देते हुए पूज्य जीयर स्वामी ने अपने दृढ़ संकल्प से मान्यता प्राप्त कॉलेज की स्थापना करा अपनी गुरुनिष्ठा को प्रकट किया है। इतना ही नहीं दो वर्ष पहले से ही उन्होंने बक्सर में भी केन्द्रीय संस्कृत महाविद्यालय खोलने के लिए कवायद भी शुरू कर दी है।

### एक नजर

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागरुकता जरूरी



**पटना।** अगर देश व राज्य से फाइलेरिया बीमारी को भगाना है। तो हम सभी लोगों को जागरूक होना होगा। क्योंकि फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित व्यक्ति की पूरी जिंदगी तबाह हो जाती है। इसलिए हमारा उद्देश्य यही है कि आज जो भी व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित हैं। वे अब अपने पास पड़ोस या गांवों में जागरुकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करें। ताकि आने वाली नई पीढ़ी इस बीमारी की चपेट न आए। उक्त बातें मंगलवार को दीक्षा पब्लिक स्कूल में आयोजित जागरुकता अभियान में लक्ष्मी पेशेंट नेटवर्क समूह से जुड़े सदस्य पटेल पंडित ने कही। सबसे पहले उन्होंने स्कूली बच्चों को फाइलेरिया बीमारी कैसे होता है। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। पटेल पंडित ने कहा कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर गंदगी में पनपते हैं। इसलिए इससे बचाव के लिए हम सभी को अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। इसके अलावा हमें रात में सोने वक्त मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। साथ ही लोगों को भी साफ-सफाई के लिए जागरूक करना होगा। इस मौके पर स्कूल के निदेशक सुखदेव प्रसाद ने भी बच्चों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव की जानकारी दी। वहीं प्राचार्य दीपक कुमार ने भी बच्चों को फाइलेरिया से बचाव के लिए अपने पास पड़ोस की सफाई रखने की जानकारी दी। साथ बच्चों को अपने पड़ोसियों को भी जागरूक करने की बात कही। जागरुकता अभियान के दौरान 110 बच्चे उपस्थित रहे। इस मौके पर शिक्षिका सुनीता सिन्हा, राखी प्रिया और कोमल कुमारी समेत सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन

**जहानाबाद।** कस्तूरबा गांधी जी की जयंती पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के प्रांगण में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शशि रंजन, जदयू नेता -सह- सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू कुमारी जिला जेंडर समन्वयक शिक्षा विभाग जहानाबाद ने करते हुए कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में बताया। कहा कि कि विद्यालय में छात्राओं को पोषक, भोजन, पढ़ने की पुस्तिका, दैनिक उपयोग की सामग्री, चिकित्सा और छात्रवृत्ति निशुल्क दिया जाता है, वर्तमान सत्र तक क्लास सिक्स से आठवीं तक छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है, आने वाले सत्र से उच्च माध्यमिक शिक्षा भी केजीबीवी में मिलेगी। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही यह शिक्षा का केंद्र काफी प्रशंसनीय है, छात्राएं भी शिक्षित हो रही है, देश के हर क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपना, अपने माता-पिता एवं समाज, देश का नाम रोशन कर रही हैं। सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि विद्यालय में रहने वाली सभी छात्राएं घर जैसा खुशनुमा माहौल में रहकर अध्ययन का कार्य करती हैं। इसका श्रेय यहां की शिक्षिकाओं को जाता है। सरकार भी शिक्षा के प्रति कटिबद्ध है, ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। मौके पर वार्ड पार्षद प्रकाश बाबा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट- गाइड) हरिशंकर कुमार ने कस्तूरबा गांधी को नमन करते हुए छात्राओं को संबोधित किया।



## भोजपुर में एटीएम मशीन तोड़कर चोरी का प्रयास करते पकड़ा गया बदमाश

**आरा।** जिलामुख्यालय में नवादा थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर मोहल्ले में स्थित एक एटीएम बूथ में बीती रात चोरी का प्रयास किया गया। हालांकि चोरों को उसमें सफलता नहीं मिल सकी। जैसे ही उसने मशीन से छेड़छाड़ की सायरन बज उठा। जिसकी वजह से पुलिस पहुंच गयी और एटीएम मशीन तोड़ते एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अपराधी न्यू पुलिस लाइन की अंबेडकर कॉलोनी निवासी मन्नु कुमार है। घटना इंडियन ओवरसीज बैंक की एटीएम बूथ की है। इस संबंध में बैंक के सहायक मैनेजर पवन कुमार के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस की सक्रियता और चोर की गिरफ्तारी से एटीएम चोरी की एक बड़ी वारदात टल गयी। जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब डेढ़ बजे चोर एटीएम में घुसा। उसने पहले एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद हाथ से मशीन तोड़ने का प्रयास करने लगा। उसी बीच एटीएम का सायरन बज उठा। उससे पूरे इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने से पुलिस की भी नींद उड़ गयी?। आनन-फानन में नवादा थाने की पहुंच गयी और चोर को पकड़ लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि ठीक एक साल पहले नवादा थाना क्षेत्र में धोबीघटवा के समीप स्थित एक एटीएम से बीस लाख की चोरी कर ली गयी थी।



### संभावित सुखाड़ एवं उससे उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी

# तैयारी: चलंत पैथोलॉजिकल दल के साथ चिकित्सा दलों का होगा गठन

- दवाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चित, अधिक प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी अस्पताल की व्यवस्था

**केटी न्यूज/आरा**

सुखाड़ का प्रभाव आर्थिक, पर्यावरण एवं जनमानस के स्वास्थ्य पर पड़ता है। जिससे कई तरह की बीमारियां फैलती हैं। सुखाड़ के समय होने वाली बिमारियों एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के रोकथाम के लिए आवश्यक है कि पहले से ही प्रभावकारी कदम उठाये जाएं। जिससे की बिमारियों का फैलाव न हो और ऐसा होने पर उसका समुचित प्रबंधन एवं नियंत्रण किया जा सके। जिला सहित राज्य में सुखाड़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रत्यय अमृत ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं।

**पोषाहार कैंप किया जायेगा संचालित:** जारी पत्र में बताया गया है कि बच्चे, धात्री एवं गर्भवती महिलाएं तथा वृद्धजनों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। प्रभावित जनसंख्या पोषाहार की कमी से अत्यधिक प्रभावित होती है और इसके लिए आवश्यकतानुसार प्रभावित जगह पर पोषाहार कैंप की स्थापना की जाये। जारी पत्र में निर्देशित है कि सुखाड़ के दौरान कीट जनित बिमारियों की रोकथाम के लिए डीडीटी का छिड़काव एवं फांगिंग सुनिश्चित करना जिला मलेरिया पदाधिकारी की जिम्मेदारी होगी।

**दवाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चितः** जारी पत्र में बताया गया है कि सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी जरुरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सुखाड़ की स्थिति में सामान्यतः जलजनित, वेक्टर बोर्न, श्वास संबंधी, मानसिक बीमारियां, चर्म रोग, संक्रामक बीमारी की दवाएं सहित बिमारियों के लिए कुल 14 तरह की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया आदि की रोकथाम के लिए ओआरएस एवं एंटीडायरिअल दवाओं की पर्याप्त मात्रा के साथ ब्लीचिंग पाउडर, हैलोजन टेबलेट आदि का भंडारण सुनिश्चित किया जाये।



**होगी अस्थायी अस्पताल की व्यवस्था:** जिन क्षेत्रों में महामारी फैली हो और आक्रांतों की संख्या ज्यादा हो वहां पर पीएचसी/ स्वास्थ्य उप केंद्र, स्कूल, पंचायत भवन आदि में अस्थायी अस्पताल खोला जाए। उक्त जगह पर यह अस्थायी अस्पताल तब तक क्रियाशील रहेंगे जब तक महामारी पर नियंत्रण नहीं हो जाता है और वहां पर सभी कर्मचारी अस्थायी रूप से कार्यरत रहेंगे। साथ ही सुखाड़ की स्थिति में जिला स्तर पर उन जिलों में प्रभावित जगहों के आधार पर चिकित्सा दलों का गठन किया जायेगा जिसमे चिकित्सा पदाधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, परिचारिका एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी सिविल सर्जन द्वारा नमित किये जायेंगे एवं प्रभावित स्थलों पर आवश्यकतानुसार सीएस के द्वारा भेजे जायेंगे।

**प्रशासनिक स्तर पर भी होगी व्यवस्था :** सिविल सर्जन, एसीएमओ व पीएचसी के एमओआईसी महामारी के समय प्रभावित क्षेत्रों का सघन भ्रमण एवं स्वास्थ्य संबंधी किये जा रहे कार्यों का निरिक्षण एवं समीक्षा करते रहेंगे और इसके नियंत्रण जिलाधिकारी से सहयोग प्राप्त करेंगे। चिकित्सा संस्थान में चलंत पैथोलॉजिकल टीम गठित की जाएगी जो नजदीकी जिलों में सुखाड़ के समय महामारी की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करेगी।

केशव टाइम्स

बक्सर, 12 अप्रैल 2023




## खबरें फटाफट

### यात्रियों से भरी टेम्पो खाई में पलटी चार यात्री घायल

**डुमरांव।** मंगलवार को कोरानसराय चौगाई मार्ग पर डुमरांव राजवाहा मोड़ के पास यात्रियों से भरी एक अनियंत्रित टेम्पो सड़क किनारे चाट में पलट गई। इस दुर्घटना में टेम्पो पर सवार चार यात्री जख्मी हो गए। जबकि एक यात्री का बैग भी चोरी हो गया है। घटना का कारण चालक का नशे में होना बताया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही कोरानसराय पुलिस मौके पर पहुंची तथा चालक को हिरासत में ले मेडिकल जांच करवाया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। जबकि उसके टेम्पो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। शराबी चालक की पहचान कोरानसराय के भरत तुरहा उर्फ लंगड़ के रूप में हुई है। चालक पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**बक्सर।** मंगलवार की दोपहर बक्सर के मित्रलोक कॉलोनी में एक 22 वर्षीय महिला की संदेहास्पद मौत हो गई है। शादी-शुदा युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना के अनुसार उसका नाम अंशु कुमारी, उम्र लगभग 22 वर्ष है। हालांकि उसकी मौत फांसी लगाने के कारण हुई है। ऐसा सुनने में आया। लेकिन, जब मीडिया के लोग पुराना सदर अस्पताल पहुंचे तो परिजनों ने कुछ भी कहने से साफ मना कर दिया। वहीं पुलिस भी इस मामले में गोल-गोल जवाब दे रही है। जहां वारदात हुई वह इलाका मुफस्सिल थाना की सीमा में आता है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह बात सामने आई है कि एक वर्ष पहले वह अपने पहले पति से अलग हो गई थी। दूसरी शादी विकास कुमार के साथ हुई थी। लेकिन, मौत की मुख्य वजह क्या है। इसकी जांच की जा रही है।

## जिलेभर में शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन, आगे के आंदोलन की बनाई रणनीति

# नई शिक्षक बहाली नियमावली को शिक्षकों ने बताया मजाक, फूंका सीएम का पुतला





**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार सरकार द्वारा सोमवार को शिक्षकों की बहाली के संबंध में जारी की गई नई नियमावली 2023 को शिक्षकों ने मजाक व वादाखिलाफी बताया है। इस नियमावली के खिलाफ मंगलवार को जिलेभर के शिक्षकों ने आक्रोश जताया। बीपीएससी की परीक्षा पास करने पर राज्य कर्मी का दर्जा मिलने वाले नियम की प्रतियां जला तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व शिक्षामंत्री प्रो चंद्रशेखर का पुतला दहन कर विरोध किया। यह आंदोलन बक्सर तथा डुमरांव के साथ ही सभी प्रखंड मुख्यायलों पर भी हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ एवं शिक्षक संघ बिहार के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक नियमावली 2023 के विरोध में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री का पुतला दहन किया है।

**शिक्षकों के साथ हुआ है धोखा - माध्यमिक शिक्षक संघ:** बक्सर में माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आयोजित पुतला दहन के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद ने कहा है कि बिहार में नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा, समान काम का समान वेतन, स्थानांतरण, पुरानी पेंशन की मांग वर्षों से सरकार से करते रहे हैं। हर बार कहा जाता रहा कि सरकार शिक्षकों का ख्याल रखना जानती है। नई नियमावली बनाकर सरकार शिक्षकों को ठगने का काम की है। उन्होंने कहा कि इस नियमावली में शिक्षकों के अनुभव का अपमान हुआ है। बिहार सरकार अपने वादे से भटक कर शिक्षकों के अधिकार से खिलवाड़ कर रही है। मौके पर अमितेश कुमार, जयप्रकाश शर्मा, बिनोद कुमार यादव, जितेन्द्र तिवारी, राजेश कुमार, धनजी सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार, अजीत कुमार, संतोष कुमार सिंह, सुधीर कुमार पाठक, कमलेश प्रसाद यादव, कुणाल किशोर, ब्रजभूषण सिंह, भुजंग भूषण, अनिल कुमार,शमशाद आलम ,गुप्तेश्वर यादव, श्याम किशोर, परवेज आलम, विनय कुमार अस्थाना, सत्येन्द्र कुमार, सत्येन्द्र बिन्द, गुड्डू मंसूरी, प्रमोद कुमार, बिहारी कुमार, धनजी कुमार सिंह, जय कुमार राय सहित सैकड़ों शिक्षकों ने नई नियमावली को नियोजित शिक्षक विरोधी बताया और कहा कि सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### शिक्षकों ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के विरोध में लगाए नारे

**डुमरांव**

डुमरांव में प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष शिक्षकों ने एकजुट हो पुतला दहन में भाग लिया। इस अवसर पर आक्रोशित शिक्षकों ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के विरोध में नारे लगाकर अपनी आवाज बुलन्द किया। उक्त अवसर पर मीडिया प्रभारी उपेंद्र पाठक ने कहा कि केवल नियोजित शिक्षक ही हमेशा परीक्षा लेने के लिए सरकार को मिल रहे है, अगर परीक्षा ही लेना है तो सभी विभागों के पदाधिकारियों का लिया जाय कि वे कार्य में दक्ष है या नहीं। सरकार केवल नियोजित शिक्षकों को टारगेट बनाकर आये दिन कोई न कोई परीक्षा लेने की बातें क्यो कर रही है। जिनकी सेवा 20 वर्ष हो गया वो बुढ़ापा में कौन से परीक्षा में बैठेंगे या अपने बाल बच्चों परिवार पर ध्यान दें। बी पी एस सी की परीक्षा की तैयारी की उम्र होती है लेकिन दुर्भाग्य है कि जिनको कोई परीक्षा नहीं देना वो दूसरों की परीक्षा ले रहे है। अनुमंडल अध्यक्ष नवनीत कुमार ने सरकार को यह भी चेताया कि अगर सरकार नियमावली में संसोधन नहीं करती है तो जातिय जनगणना का कार्य भी प्रभावित होगा, शिक्षक मजबूर होकर जातिय जनगणना कार्य का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर कुमार विमल, पशुपति नाथ सिंह, अमित कुमार, अजय कुमार, सिंह चन्दन पाण्डेय, सुनील कुमार, सचिन्द्र तिवारी, अभयानंद प्रजापति, संजय रंजन सिन्हा, गौतम कुमार, कमलेश पाठक, जितेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, संजय सिंह, रविश तिवारी, जितेंद्र ठाकुर, निर्भय यादव, रामजीत सिंह, तबरेज आलम, राजू गुप्ता, ललन यादव, पूणानंद मिश्र, धीरज पाण्डेय, अरुण श्रीवास्तव, जयप्रकाश यादव, अजगैबीनाथ दुबे, सोनू साह, अंशुमान सिंह, नवीन तिवारी, नरेश कुमार, अनिता यादव, उर्मिला कुमारी, विनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, सीमा कुमारी, निशा कुमारी, अंजली कुमारी सहित सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया।

### 16 को पटना में होगी शिक्षक संगठनों की सर्वदलीय बैठक

**सिमरी**

सिमरी के बीआरसी के पास भी नियोजित शिक्षकों ने शिक्षक नेता शालीग्राम दूबे के नेतृत्व में पुतला दहन किया। इस दौरान शिक्षक नेता शालीग्राम दूबे ने कहा कि नई नियमावली बनाकर सरकार ने शिक्षकों के साथ मजाक किया है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को पटना में सभी शिक्षक संगठनों की सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें बक्सर जिले से भी सैकड़ो शिक्षक भाग लेंगे। इसमें आगे के आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### शिक्षकों को मिला डुमरांव विधायक डॉ अजीत कुशवाहा का साथ, बीपीएससी से परीक्षा को बताया विश्वासघात



डुमरांव विधायक डॉ अजित कुशवाहा ने नई शिक्षक बहाली नियमावली को नियोजित शिक्षकों और सातवें चरण के अभ्यर्थियों के निराशाजनक बताया। वे मंगलवार को भाकपा-माले के द्वारा राज्य भर में चलाये जा रहे ‌ल्लोकतंत्र बचाओं जनसंवाद तथा सद्भावना-एकजुटता अभियानल्ल के तहत चौगाईं प्रखण्ड के मुरार तथा ओझाबरांव में अपने संबोधन में कही। विधायक ने नई शिक्षक बहाली नियमावली 2023 पर कहा है कि यह नियमावली सातवें चरण के शिक्षक बहाली के अभ्यर्थियों और वर्षो से बिहार सरकार में अपनी सेवा दे रहे नियोजित शिक्षकों के लिए निराशाजनक है। सातवें चरण के शिक्षक अभ्यर्थियों को इस प्रक्रिया से मुक्त रखा जाना चाहिए और उन्हें पुराने तरीके से नियोजित किया जाना चाहिए। बीपीएससी से परीक्षा लेने के बाद भी शिक्षकों को नियमित शिक्षक की भांति वेतनमान और सेवा शर्त की व्यवस्था करने का मामला स्पष्ट नहीं है। विधायक ने मांग किया कि नियोजित शिक्षकों के पूर्ण समायोजन के साथ पुराने शिक्षकों की भांति सेवा शर्त और वेतनमान दिया जाए।

## कोईलवर तटबंध पर गंगौली के पास पलटा हार्वेस्टर, चालक की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/सिमरी**



मंगलवार की सुबह दियारांचल में एक बड़ा हादसा हो गया। यूपी से गेहूं की कटाई कर लौट रही एक हार्वेस्टर का चक्का गंगौली के पास कोईलवर तटबंध पर चढ़ने के दौरान टूट गया। जिससे हार्वेस्टर अनियंत्रित हो चाट में पलट गई। इस दुर्घटना में हार्वेस्टर पर बैठे सहायक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका मुख्य चालक बाल बाल बच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस ने शव को कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। वही पुलिस ने परिजनों को भी इस मनहूस घटना की सूचना दी। मृतक की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के खनिता गांव के विश्वनाथ राम का 20 वर्षीय पुत्र बब्लू राम के रूप में हुई है जो इसी थाना क्षेत्र के चकरहसी गांव के शिवशंकर पाण्डेय उर्फ गुड्डु पाण्डेय के हार्वेस्टर पर पिछले तीन साल से सहायक चालक के रूप में काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही हार्वेस्टर मालिक के प्रतिनिधि अखिलेश चौबे पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर पर कोहराम मच गया था। हालांकि इस घटना के बाद कई तरह की चचाएं हो रही थी। समाचार लिखे जाने तक न तो पुलिस द्वारा यूडी केस दर्ज किया गया था और न ही परिजनों द्वारा किसी तरह की शिकायत की गई थी। वैसे सूत्रों की मानें तो परिजन इसे सामान्य घटना मानने को तैयार नहीं थे। इस संबंध में रामदास राय के डेरा ओपी के प्रभारी ओपीध्यक्ष सियाराम रजक ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्रखंड स्तरीय दिव्यांग समूह की बैठक संपन्न

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में मंगलवार को बिहार पीडब्ल्यूडी संघ के प्रखंड स्तरीय दिव्यांग समूह का बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा एवं संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष हृदय यादव ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय दिव्यांगजन एक्टिविस्ट पूर्व बिहार राज्य शक्तता आयुक्त डॉ शिवाजी कुमार, एवं पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा,जिला अध्यक्ष अगस्त कुमार, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अंजू कुमारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने विश्व ओटीजियम सप्ताहिक के अवसर पर जन जागरूकता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का दिव्यांग समान किया गया। केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं में भागीदारी की समीक्षा की गई। वही अतिथियों ने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति को एकजुट होने की जरूरत है।

## डुमरांव एसडीपीओ समेत कई अधिकारियों का हुआ तबादला

**केटी न्यूज/डुमरांव**



जिले के प्रशासनिक महकमे में भारी फेरबदल हुआ है। इस कड़ी बक्सर के पंचायती राज पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार का तबादला मधुबनी के जयनगर में किया गया है। उनकी जगह नवादा के एसडीओ रहे उमेश भारती को जिले का नया पंचायती राज पदाधिकारी बनाया गया है। वही तारापुर मुंगेर के एसडीओ रहे रंजीत कुमार बक्सर जिले के नये भुअर्जन पदाधिकारी रहे हैं।

वहीं डुमरांव के एएसपी श्रीराज का तबादला हो गया है। उन्हें मोतीहारी सदर का एसडीपीओ बनाया गया है। हालांकि उनके बदले किसे डुमरांव का एसडीपीओ बनाया गया है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। बता दें कि आईपीएस अधिकारी श्रीराज पिछले दो साल से बतौर डुमरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी यहा कार्यरत थे। इस दौरान उनके ईमानदारी व कार्यों की जमकर सराहना हुई थी। खासकर अपराधियों पर नकेल कसने तथा उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। डुमरांव के एएसपी रहते हुए उन्हें कई अपराधिक घटनाओं का त्वरित उद्भेदन कर अपराधियों व लूटेरों में भय कायम कर दिया था। शराब तस्करी पर लगाम लगाने में भी इन्हें खासी सफलता मिली थी।

## उच्च विद्यालय डफाडिहरी में आयोजित हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

# कलाकृतियों के माध्यम से छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**केटी न्यूज/नावानगर**



उच्च विद्यालय डफाडिहरी में मंगलवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उसके प्रति लोगों को जागरूक करने की दिशा में पहल किया था। छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम दर्शाया कि अगर पर्यावरण बचाव के प्रति लोग सजग नहीं हुए, तो आने वाले समय में किस तरह से लोगों को परेशानी की सामना करना पड़ सकता है। छात्रों ने पेंटिंग से ग्लोबल वार्मिंग, वृक्ष कटाव पर रोक, पौधरोपण एवं उसकी देखभाल करने व जल संचय करने को दर्शाया था। बच्चों की हर कलाकृतियां पर्यावरण की रक्षा का संदेश कर रही थीं। साथ ही यह लोगों को जागरूक भी कर रही थीं कि प्रकृति की रक्षा करके ही हम खुद को बचा सकते हैं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरेकृष्ण सिंह ने बताया कि विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रों ने पर्यावरण बचाव पर पेंटिंग बनाया था। उन्होंने बताया कि बेहतर पेंटिंग बनाने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र श्रीराज, अजीत कुमार, विष्णु शर्मा, पवन कुमार, अनुष्का कुमारी, अन्नु कुमारी, निशा कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजली कुमारी, अंशु कुमारी, श्वेता, नंदनी, प्रीति ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता के नोडल शिक्षक अशोक कुमार थे। मौके पर शिक्षक रामाकांत प्रसाद, सुनील सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, रामाकांत भारती, नंदजी सिंह समेत अन्य थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों की स्वास्थ्य जांच के बाद मुफ्त दवा वितरण किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवा सदन के चिकित्सक डॉक्टर विश्वनाथ साह के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र राय ने बताया कि देश में कोरोना संक्रमण की बढ़ती संख्या को लेकर विद्यालय के बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई गई।

## एक नजर

### नवनियुक्त डीएम ने जाति आधारित गणना को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों संग की बैठक



**बक्सर।** मंगलवार को नवनियुक्त जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने जाति आधारित गणना से संबंधित सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के कार्य में कितने व्यक्ति ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, इससे संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही निर्देश दिया कि गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण कराया जाए। डीएम ने जाति आधारित गणना को लेकर सभी प्रपत्र को ससमय चार्ज पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि दूसरे चरण की गणना 15 अप्रैल से लेकर 15 मई तक की जायेगी। इसके लिये 16 चार्ज पदाधिकारी, 3724 प्रगणक एवं 672 पर्यवेक्षक को लगाया गया है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल भी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 के लिए चयनित हुए डुमरी मुखिया, दिल्ली में मिलेगा पुरस्कार



**डुमरांव।** राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए अनुमंडल के सिमरी प्रखंड अंतर्गत डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर का चयन किया गया है। इस पुरस्कार के लिए चयनित होने वाले वे जिले के इकलौते पंचायत प्रतिनिधि है। जबकि पूरे बिहार के 22 मुखिया व 10 जिप चेयरमैनों का चयन उनके साथ पुरस्कार के लिए किया गया है। भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय द्वारा बिहार के सभी चयनित पंचायत प्रतिनिधियों को दिल्ली में 17 से 21 अप्रैल तक आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए डुमरी मुखिया को भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय का पत्र मिल चुका है। पत्र मिलने के साथ ही डुमरी पंचायत के साथ ही पूरे प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई है। मुखिया प्रेम सागर ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आन लाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन जमा करने के बाद केन्द्रीय टीम द्वारा पंचायत में आकर कार्यों का भौतिक सत्यापन व रेकर्ड की जांच की गई थी। इसी जांच के आधार पर उनका चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास अपने पंचायत को देश का नंबर एक पंचायत बनाना है। इसी लक्ष्य को लेकर वे सभी तरह के सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारने का प्रयास करते है। यह पुरस्कार उसी प्रयास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार के मिलने के बाद वे अपने लक्ष्य को पाने के लिए और मजबूती से काम करेंगे।

### बक्सर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय रोजगार मेला आज से

**बक्सर।** बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने को लेकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बक्सर के परिसर में दो दिवसीय रोजगार मेला का शुभारंभ बुधवार से शुरू होगा। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय, बक्सर के तत्वावधान में इसका आयोजन किया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाई गई कस्तूरबा गांधी की जयंती

**केसठ।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के परिसर में मंगलवार को कस्तूरबा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने केक काटकर किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने की। संचालन वार्डेन सीता रानी ने किया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। बीडीओ ने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियों को पढ़ाना अनिवार्य है। उन्होंने सरकार के माध्यम से लड़कियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान आठवीं पास की छात्राओं को पाठ्य पुस्तक देकर विदाई की गई। मौके पर अजय विक्रांत, प्रीति कुमारी, रीना कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पूर्व प्रधानाध्यापिका शांति देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**केसठ।** प्रखंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय के परिसर में मंगलवार को पूर्व प्रधानाध्यापिका शांति देवी के छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी प्रतिमा पर अतिथियों ने पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव ने व संचालन गोरख पासवान ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि



स्वर्गीय शांति देवी बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देती थी। क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराने, शिक्षा देने, कॉपी, किताब, कलम समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं भी निजी तौर पर मुहैया कराती थी। वह स्नेह और प्रेम की प्रतिमूर्ति थी। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटर बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान और जिला परिषद अध्यक्ष डॉ विद्या भारती द्वारा सम्मानित भी किया गया। मौके पर बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, जिप सदस्य राजु यादव, राजेंद्र प्रसाद,रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे, रामपुर इकब मंजू देवी, कलीमुद्दीन, बनारसी यादव, गुड्डू सिंह, सुमेश्वर सिंह मौजूद थे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई गई जयंती

**बक्सर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी बक्सर नगर इकाई द्वारा स्थानीय रामलीला मंच पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता चन्दन राम ने उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा फुले भारत मे दलित शोषित पिछड़ा समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे। महिलाओं को शिक्षित कर समाज की मुख्य धारा में लाना उनका प्रथम उद्देश्य था। महात्मा फुले जीवनपर्यंत समाज के पिछड़ो के विकास की संघर्ष को जारी रखी। सत्य शोधक समाज की स्थापना कर विधवा विवाह, महिला शिक्षा समाज जागृति का अलख जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन ज्वाला सैनी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राहुल दूबे ने किया। अन्य वक्ताओं में सौरभ तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, विमल कुमार सिंह रहे।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन सख्त, जिलाधिकारी व एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

# प्रशासन की चेतावनी: बिना अनुमति के सार्वजनिक रुप से जनसभा और इफ्तार पार्टी करने पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

निकाय चुनाव के संदर्भ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने संयुक्त रुप से प्रेसवार्ता किया। डीएम ने बताया कि नौ अप्रैल से जनपद में आचार संहिता लागू है। 11 से 17 अप्रैल तक पूर्वाह्न 11 बजे से शाम को तीन बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने का कार्य होगा। नामांकन पत्रों की जांच 18 अप्रैल को 20 अप्रैल को नाम वापसी, 21 अप्रैल को चुनाव चिह्न आवंटन, चार मई को प्रातः सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। जनपद में तीन नगरपालिका गाजीपुर, मुहम्मदाबाद व जमानियां हैं। पांच नगर पंचायत जंगीपुर, सैदपुर, सादात, बहादुरगंज और दिलदारनगर है। नगर पालिका और नगर पंचायत में कुल 2 लाख 29 हजार 358 मतदाता हैं। नगरपालिका और नगर पंचायत में कुल वार्डों की संख्या 136, मतदान केंद्र की संख्या 99, मतदेय स्थल 266 है। पूरे क्षेत्र को 12 जोन और 26 सेक्टर में बांटा गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष पद के आवेदन का मूल्य 500 व जमानत राशि 8000 रुपया और आरक्षित सीटों के लिए 250 और जमानत राशि 4000 रुपया, सभासदों के लिए 200 रुपया व जमानत राशि 2000 रुपया और आरक्षित सीटों के लिए 100 रुपया और जमानत राशि 1000 रुपया। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 250 और जमानत राशि 5000, आरक्षित सीट के लिए 125 रुपया जमानत धनराशि 2500, सभासद के लिए 100 रुपया व जमानत राशि 2000 और आरक्षित के लिए 50 रुपया व जमानत राशि 1000 रुपया है। चुनाव प्रचार में नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अधिकतम 9 लाख रुपया तक खर्च कर सकता है और सभासद प्रत्याशी दो लाख रुपया तक खर्च कर सकता है। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अधिकतमत ढाई लाख रुपया व सभासद प्रत्याशी 50 हजार खर्च कर सकता है। उन्होने बताया कि मतदान पार्टी तीन मई को 8 जगहों से रवाना हो जायेगी। उन्होने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए 24 फ्लाइंग स्क्वायर्ड बनाया गया है। जो चुनाव प्रचार पर निगरानी रखेंगे।

वहीं, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि तीन नगर पालिका और पांच नगर पंचायतों में निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस कटिबद्ध है। किसी भी दशा में कोई मतदान के लिए रोक नही सकता है। चुनाव क्षेत्र में सभा, पार्टी, बैठक या सार्वजनिक रुप से इफ्तार का आयोजन करने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के आयोजन करने पर कठोर कार्रवाई होगा। पूरे क्षेत्र में चेकिंग के माध्यम से अवैध तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पूरे जनपद में सघन चेकिंग अभियान चल रहा है। मतदान के दो दिन पहले बाहरी व्यक्तियों को चुनाव क्षेत्र से बाहर कर दिया जायेगा।



■ शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरे जनपद को 2 जोन और 26 सेक्टर में बांटा गया

## तीन नगर पालिका व पांच नपं में नामांकन शुरू

**गाजीपुर।** जनपद में निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। जिले के तीन नगर पालिका गाजीपुर, मुहम्मदाबाद व जमानियां, पांच नगर पंचायत- सादात, सैदपुर, दिलदारनगर, जंगीपुर व बहादुरगंज में मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उधर अभी तक प्रमुख दलों में टिकट फाइनल न होने से उम्मीदवार चिंतित हैं। टिकट के लिए भाजपा, सपा और बसपा के कार्यालयों में प्रत्याशी गणेश परिक्रमा कर रहे हैं। लोगों का अहर्निश जमावड़ा रह रहा है। राजनैतिक गलियारों में चर्चा है कि निकाय चुनाव -2018 में अंसारी बंधुओ ने अपना वर्चस्व स्थापित किया था। उस वर्चस्व को सत्ताधारी पार्टी के नेता खत्म कर पाएंगें या नहीं, इस पर हर राजनीतिक अखाड़ों, चायखानों में चर्चा हो रही है।




बता दें कि पिछले चुनाव में अंसारी बंधु नगर पालिका मुहम्मदाबाद, जमानियां, नगर पंचायत बहादुरगंज, सैदपुर व सादात में कब्जा कर अपने राजनैतिक कद का प्रदर्शन किया था। उधर भाजपा केवल नगर पालिका गाजीपुर और नंगर पंचायत सादात दो में ही सिमट गई थी। जबकि प्रदेश में योगी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार थी। नगर पंचायत जंगीपुर और दिलदारनगर निर्दलियों के खाते में गया। भाजपा सरकार में ही अब दूसरी बार निकाय चुनाव होने जा रहा है। अब एमएलसी के पद पर निर्वाचित होने के बाद विशाल सिंह चंचल का कद जिले और प्रदेश में बढ़ा है और एमएलसी होने के चलते इस निकाय चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में राजनीतिक पंडितों का कहना है कि निकाय चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल मैच है। इस सेमीफाइनल मैच में एमएलसी चंचल सिंह अंसारी बंधुओं के किले में कितना सेंध लगा पाते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## भाजपा, सपा व बसपा में दिखाई देने लगे बगावत के सुर..

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बात गाधि की नगरी गाजीपुर जनपद की करें तो इन दिनों नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के टिकटार्थी कद्दावर नेताओं की गणेश परिक्रमा में लगे हैं। टिकट पाने की प्रबल इच्छा ने प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा दी है। प्रमुख दलों में उम्मीदवारों के दिन का चैन और रात की नींद उड़ गई है। टिकट के लिए कहीं मल्लयुद्ध, तो कहीं वाकयुद्ध जारी है।

बता दें कि नगरपालिका गाजीपुर में अध्यक्ष पद के टिकट के लिए भाजपा, सपा और बसपा में काफी गहमा-गहमी है। टिकट पाने के लिए प्रत्याशी हर दांव आजमा रहे हैं। सपा, भाजपा और बसपा के बड़े नेताओं द्वारा अपने चहेतों को टिकट दिलाने की मंशा पर पार्टी में काफी घमासान मचा हुआ है। समाजवादी पार्टी की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। प्रत्याशियों का एक गुट ने बैठक में यह मांग उठायी कि कार्यकर्ता को ही टिकट मिले। इस संदर्भ में विधायक जैकिशन साहू ने बताया कि समाजवादियों की मंशा है कि कार्यकताओं को टिकट मिले जो पार्टी के साथ निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया हो। सपा के हाईकमान ने जिले में चयन कमेटी बनाने का निर्देश दिया है जिसमे जिलाध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, एमएलसी और पूर्व एमएलसी शामिल रहेंगे। सपा से टिकट मांगने वालों में विवेक सिंह शम्मी, डा. समीर सिंह, दिनेश यादव, आमीर अली, अतीक राईनी, बाबू चौधरी, अशोक अग्रहरी, असलम खां, अरुण श्रीवास्तव हैं। इसी तरह भाजपा में भी टिकट को लेकर काफी गहमा-गहमी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष के टिकट के लिए प्रत्याशियों की आवेदनों का स्क्रीनिंग किया जा रहा है। इसके बाद शीघ्र ही प्रभारी मंत्री के साथ बैठक कर प्रत्याशियों की सूची हाईकमान को भेज दी जायेगी। भाजपा से टिकट मांगने वालों में विनोद अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, अर्जुन सेठ, संतोष जायसवाल, प्रमोद अग्रवाल, गुड्डू केसरी, राजेश वर्मा, गिरधारी जायसवाल और निर्गुन दास आदि दो दर्जन प्रत्याशी हैं।




इस बार बसपा के टिकट के लिए भी आधा दर्जन प्रत्याशियों ने आवेदन किया है जिमसे शरीफ राईनी, सुभाष चौहान, राजकुमार कुशवाहा, मदन कुशवाहा आदि हैं। नामांकन पत्रों बिक्री और जमा होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब देखना है कि सपा, भाजपा और बसपा किस तरह दल के अंदर हो रही बगावत को समाप्त कर प्रत्याशियों का चयन करते हैं जिससे कि उन्हे चुनाव में कामयाबी मिल सके।

## यूपी-बिहार बॉर्डर पर 39 किग्रा गांजा के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देश पर जनपद में अपराध को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यूपी-बिहार बार्डर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत चेकिंग के दौरान 39 किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया। बता दें कि क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद की देखरेख में स्वाट टीम, सर्विलास टीम व कोतवाली मुहम्मदाबाद की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बिहार की तरफ से दो चार पहिया वाहन से कुछ लोग भारी मात्रा में गांजा लेकर गाजीपुर की तरफ आ रहे हैं। पुलिस को पूरी सतर्कता के साथ घेराबंदी करने का निर्देश दिया गया। टीमों द्वारा बहद ग्राम अहिरौली ब्रेकर के पास वाहनों को रोककर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद को अवगत कराते हुए उनकी मौजूदगी में कार्रवाई की गई और पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताए गए दोनों वाहनों में अवैध गांजा को बरामद किया गया। तस्करों ने बताया कि वो बिहार व उड़िसा से सस्ते दामों पर गांजा लाकर आस-पास के जिलों में ज्यादा कीमत लेकर बेचते हैं और उन पैसों से अपना शान-शौक पूरा करते हैं। गिरोह का मुख्य सरगना विपिन सिंह 2021 में एसटीएफ व भांवरकोल पुलिस द्वारा गांजा तस्करी में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उसके अलावा खानपुर थाना मधुवन निवासी रमेश यादव का बेटा राहुल यादव, सैदपुर थाना के वासुपुर निवासी गोपाल शर्मा का बेटा मनहर शर्मा तथा सादात थाना के गौरा निवासी हंसराज का बेटा योगेश कुमार भी पकड़े गए।



## जिला अस्पताल में लापरवाही को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मऊ।** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। आप के जिलाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय की लापरवाही को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आप के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह के नेतृत्व में लगातार सदर अस्पताल और जिला महिला चिकित्सालय में जाकर मरीज और तीमारदारों से मिलकर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली जाती है। इसी क्रम में पिछले हफ्ते सदर अस्पताल के ओपीडी और इमरजेंसी में जाकर विक्रमजीत सिंह ने अपने कार्यकताओं के साथ सभी मरीजों से मिले और उनकी समस्याओं को जाना है। इसमें ओपीडी और इमरजेंसी में चिकित्सकों की समय से न बैठने की शिकायत सबसे ज्यादा प्राप्त हुई।

## वार्ड में बिछी थी गंदी चादरें, जिला अस्पताल की दुर्व्यवस्था देख भड़के जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

डीएम रविन्द्र कुमार ने मंगलवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इमरजेंसी कक्ष, मेडिकल वार्ड, ओपीडी, ट्रामा सेंटर व एनआरसी की व्यवस्था देखी। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं का जायजा लिया। इमरजेंसी व मेडिकल वार्ड में पुरानी चादर बिछी देख और मरीज को भोजन, दूध न मिलने पर भड़क गए। मरीजों की ओर से बाहर की दवा लिखने सहित अन्य शिकायतों पर सीएमएस डॉ. दिवाकर सिंह की जमकर क्लास लगाई। हालत यह थी कि दो बजे ड्यूटी वाले डॉक्टर की उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर कर चुके थे। इसे देख काफी नाराज दिखे। अस्पताल में व्याप्त तमाम दुर्व्यस्थाओं पर सीएमएस को खरी खोटी सुनाई।

डीएम ने कहा कि शासन स्तर से मरीजों के लिए मिलने वाली सुविधाओं में चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भोजन व दूध वितरण करने वाली फर्म व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई कर सूचित करने के लिए कहा। ट्रामा सेंटर में ओपीडी के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर पर दूसरे व्यक्ति की राइटिंग देख फिजिशियन को फटकार लगाई। मरीज की शिकायत पर डॉ. अनुराग को अपने व्यवहार में बदलाव लाने की हिदायद दी। निरीक्षण के दौरान ट्रामा सेंटर में शौचालय बंद देख उसे खुलवाने का निर्देश दिया। एनआरसी वार्ड के की व्यवस्था देख संतुष्ट हुए। एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड विभाग के सामने की भीड़ देख चकित रह गए। उन्होंने तैनात गार्डों से मरीजों की लाइन लगाने को निर्देशित किया। ताकि सभी की जांच हो सके। डीएम ने निरीक्षण के बाद सीएमएस से खराब व्यवस्था को तत्काल सुधार लाने का निर्देश अन्यथा एक सप्ताह बाद करवाई की चेतावनी दी।



**जब डीएम ने अर्दली से भेजवाई मदद राशि :** एनआरसी के निरीक्षण के बाद कार में बैठ रहे डीएम का पैर एक महिला मरीज ने पकड़ लिया। डीएम ने तत्काल महिला को उठाकर समस्या पूछी। हल्दी थाना के गायघाट रुद्रपुर निवासी सनौली देवी ने बताया कि पेट का ऑपरेशन करवाया था। अब दर्द हो रहा है। दवा का पैसा नहीं है। डीएम ने मदद का भरोसा दिया। उन्होंने सीएमएस को महिला को बैठाने का निर्देश दिया। डीएम ने अपने अर्दली से मदद राशि भिजवाई।

## चयनकर्ताओं ने कहा-पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मंडल के खिलाड़ियों की प्रतिभा में अत्यधिक सुधार हुआ

# अंडर-19 ट्रायल संपन्न, पहले चरण में हुआ 60 खिलाड़ियों का चयन

**केटी नयूज/गाजीपुर**

गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से प्राप्त अनुमति तथा निर्धारित दिशा-निदेशों का पालन करते हुए अंडर-19 तथा अंडर-16 का ट्रायल शुरू हो गया है। इसकी जानकारी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने दी। बता दें कि ट्रायल के पहले दिन नेहरु स्टेडियम, गोरा बाजार में जनपद गाजीपुर एवं बलिया के अंडर -19 वर्ग के महिला और पुरुषों का ट्रायल सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अधिकृत वरिष्ठ रणजी खिलाड़ी कमलकान्त कन्नौजिया ने बतौर चयनकर्ता सभी खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। सम्पूर्ण ट्रायल के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ी के खेल कौशल की बारीकियों का आंकलन करते हुए बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मंडल के खिलाडियों के प्रतिभा में अत्यधिक सुधार हुआ है। यहां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्यों की मंशा के अनुरूप सभी खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर दिया गया। इसी क्रम में पहले चरण में गाजीपुर में अधिक बच्चे होने के कारण 60 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिन्हें अलग-अलग चार टीम में बांटकर 11/04/2023 को मैच खेलाया जाएगा।



बुधवार को पहले पाली का मैच टीम रेड तथा ऑरेंज के बीच खेला जायेगा तथा दूसरी पाली में टीम ब्लू और ग्रीन के बीच मैच कराया जाएगा। मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन जनपद की टीम के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल के सदस्य तथा गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पूरे प्रदेश के साथ-साथ पूर्वांचल के खिलाड़ियों के विकास के लिए वचनबद्ध है।

इस अवसर पर अध्यक्ष शाश्वत सिंह तथा मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह के अतिरिक्त सचिव डॉ. यूसी राय, डॉ. प्रकाश चन्द्र राय, आयोजन समिति के अध्यक्ष वैभव सिंह, रंजन सिंह, संजय यादव, बरुन कुमार अग्रवाल, ज्ञान शील, मो. आरिफ, भरत कुशवाहा, रोहित जयसवाल, शहंशाह खान, स्मृति राय, संतोष पाठक सहित अन्य पदाधिकारी व बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## एक नजर

### पुलिस चौकी के पास छात्र नेता की पीट-पीट कर हत्या, घायल दूसरे की स्थिति नाजुक



**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सतीशचंद्र कालेज के पास परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र नेता की हाकी डंडे से पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। जबकि एक छात्र घायल हो गया। सबसे हैरत की बात यह है कुछ ही दूरी पर जानलिनगंज पुलिस चौकी है। बावजूद इस तरह की वारदात पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति है। जिले का माहौल तनावपूर्ण है। पकड़ी थाना क्षेत्र के धरसरा गाँव निवासी मनराज यादव जो कि भारतीय सेना में कार्यरत हैं। उनके दूसरे नम्बर का पुत्र हेमंत यादव 22 वर्ष टाऊन डिग्री कॉलेज में स्नातक तृतीय वर्ष का छात्र था। वह जनपद मुख्यालय के देवकली के अपने निजी आवास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। साथ छात्र संघ के लिए होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तैयारी भी कर रहा था। परिजनों की माने तो सोमवार को ही अपने घर धरसरा से बलिया गया हुआ था। मंगलवार की सुबह की पाली में वह सतीशचन्द्र महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए गया था। सूत्रों की माने तो ज्यों ही वह परीक्षा देकर वह परीक्षा केंद्र से बाहर निकला तो पहले से ही घात लगाए युवकों ने क्रिकेट बैट एवं हॉकी डंडों से उसपर हमला कर दिया। इस दौरान बीचबचाव करने गए जीराबस्ती निवासी आलोक यादव को भी बदमाशों ने मारपीट दिया। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाने के बाद दोनों की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। आनन–फानन में हेमंत यादव के परिजन उसे मऊ के किसी निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मां दुर्गावती देवी का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक युवक तीन भाइयों में से दूसरे नम्बर पर था। बड़ा भाई सचिन यादव, बलवंत यादव 18 वर्ष बलिया ही रहकर पढ़ाई करते हैं। आलोक यादव का इलाज चल रहा है।

### सुहवल कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**गाजीपुर।** रेवतीपुर विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय सुहवल के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में रैली निकाली । जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार उपाध्याय ने किया। बच्चे नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक बच्चे आधी रोटी खाएंगे रोज स्कूल जाएंगे, पढ़ी-लिखी बेटी रोशनी है घर की आदि नारे लगा हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे। इसके अलावा अध्यापक गांवों लोगों से मिलकर नवीन नामांकन अपने बच्चों का विद्यालय में कराने के लिए आग्रह कर रहे थे। रैली में एसएमसी अध्यक्ष कमलेश सिंह कुशवाहा, राम भुवन, राजेश दुबे, अवनीश चंद्र राय, नीरज सिंह, स्वेता जायसवाल, शैलेंद्र नाथ राय, सीमा पांडेय, जानकी गुप्ता, महेंद्र सिंह यादव, गीता, मीना इत्यादि लोगों ने भाग लिया।




### संचारी रोगों से बचाव की दी गई जानकारी

**मऊ।** रतनपुरा खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में अवस्थित सूचना कक्ष में घर-घर दस्तक योजना के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कोटेदारों को नवीनतम जानकारी दी गई। साथ ही, संचारी रोग नियंत्रण के विभिन्न आयामों की जानकारी देकर के उन्हें जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमसी वेद प्रकाश तिवारी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अमित कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविंदर यादव तथा सहायक विकास अधिकारी कृषि मुन्नी लाल पाल ने आगंतुक कोटेदारों को संचारी रोगों से बचाव के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि यह अभियान 14 विभागों द्वारा मिलकर के संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है, जो एक से 30 अप्रैल तक चलेगा। जबकि दस्तक अभियान के अंतर्गत यह कार्यक्रम 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। बीएमसी वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि इस अभियान में कोटेदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिनके प्रयास से मलेरिया, मस्तिष्क ज्वर, फाइलेरिया, डेंगू इत्यादि संचारी रोगों से लोगों का बचाव किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में चूहा और छछूंदर से होने वाले नुकसान की भी जानकारी दी गई, और लोगों से कहा गया कि घर के अंदर कूलर, फ्रिज, टायर, गमला, नाद इत्यादि में पानी जमा न होने दें। क्योंकि इसी पानी में लारवा बनते हैं, और उससे संचारी रोग फैलते हैं। बैठक में कोटेदार यूनियन के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, फतेह बहादुर गुप्त, अरविंद कुमार सिंह गुड्डू, नंदकिशोर गुप्ता उर्फ गुड्डू, राजकिशोर, राजकुमार, ओम प्रकाश बरनवाल, नारायण चौहान, सुभाष चंद, अधीर सिंह, कपिल देव यादव, मनोज चौहान, रामाधार, लालजी, राजकुमार सहित कुल 48 कोटेदारों ने भाग लिया।



### बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को नगरीय चुनाव की ड्यूटी से रखें अलग: डीएम

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जनपद में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। समस्त नोडल और समस्त रिटर्निंग ऑफिसर के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने समस्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों और रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दायित्वों के संबंध में पूरी तैयारियां कर चुनाव कार्य में तत्काल लग जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएम ने तत्काल कंट्रोल रूम को सक्रिय कर चुनाव से संबंधित आने वाली शिकायतों को दर्ज करते हुए उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अति संवेदनशील/संवेदनशील बूथों पर मानक के अनुसार सुरक्षाबलों की तैनाती की तैयारी करने को भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को पूर्व में चिन्हित संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर सारी तैयारियां पूर्ण कर लेने को कहा। साथ ही तहसीलों पर होने वाली बैठकों में अधिशासी अधिकारियों को भी उपस्थित रहने एवं संबंधित क्षेत्रों के विवादित लोगों के संबंध में सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव से जुड़े समस्त महत्वपूर्ण अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करने को भी कहा, जिससे चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों से चुनाव से जुड़े अधिकारियों को अवगत कराया जा सके।